रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 6 नवम्बर, 2026

वर्ष 02 | अंक 263 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

अजय राय का सम्राट चौधरी पर तीखा हमला



बोले- 'महामूर्ख' को अपराध की समझ नहीं; प्रियंका गांधी को लेकर भी किया बड़ा दावा

वाराणसी। बिहार से लेकर उत्तर प्रदेश तक सियासी बयानबाजी तेज होती नजर आ रही है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें 'महामूर्ख व्यक्ति' करार दिया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को अपराध और क्राइम की बुनियादी जानकारी ही नहीं है, वह इन मुद्दों को कैसे समझ सकता है। अजय राय के इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में नई चर्चा शुरू हो गई है। उन्होंने अपने बयान में बिहार के ऐतिहासिक और राजनीतिक योगदान का भी जिक्र किया और कहा कि इस प्रदेश की अपनी एक गौरवशाली पहचान रही है। अजय राय ने बिहार के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद बिहार की धरती से आते थे। महात्मा गांधी ने भी बिहार से आंदोलन की शुरुआत कर स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी थी। उन्होंने कहा कि बिहार का देश की आजादी और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसे प्रदेश के बारे में बात करते समय उसके इतिहास और विरासत को भी ध्यान में रखना चाहिए। सम्राट चौधरी पर उनकी इस टिप्पणी को बिहार की राजनीति से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस की आक्रामक प्रतिक्रिया के तौर पर देखा जा रहा है। यूपी चुनाव और इंडिया गठबंधन पर बड़ा दावा- उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी अजय राय ने अपनी बात रखी।

1,398 किमी लंबा होगा सड़क नेटवर्क

मध्यप्रदेश में 63,296 करोड़ रुपये से बनेंगे 5 ग्रीनफील्ड कॉरिडोर

भोपाल। मध्यप्रदेश में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने और प्रदेश के प्रमुख शहरों को बेहतर आवागमन सुविधा से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाने की तैयारी है। राज्य में करीब 63 हजार 296 करोड़ रुपये की लागत से पांच ग्रीनफील्ड कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज समत्व भवन में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की 49वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रदेश में प्रस्तावित पांच ग्रीनफील्ड कॉरिडोर की प्रगति, उनकी व्यवहार्यता और विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश में सड़क परिवहन की सुविधाओं का विस्तार होगा और प्रमुख शहरों के बीच आवागमन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

बैठक में जानकारी दी गई कि

प्रस्तावित पांच कॉरिडोर में भोपाल-मंदसौर, सागर-सतना, जबलपुर-आशापुर, भोपाल-ग्वालियर और कटनी-सिंगरौली मार्ग शामिल हैं। भोपाल-मंदसौर, सागर-सतना और जबलपुर-आशापुर कॉरिडोर के लिए डीपीआर कंसल्टेंट द्वारा फीजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इन मार्गों के लिए अलग-अलग अलाइनमेंट विकल्प सामने आए हैं। फिलहाल उपलब्ध विकल्पों का परीक्षण कर सबसे उपयुक्त अलाइनमेंट का चयन करने की प्रक्रिया जारी है।

वहीं भोपाल-ग्वालियर और कटनी-सिंगरौली कॉरिडोर के लिए डीपीआर कंसल्टेंट के चयन की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए निविदाएं आमंत्रित करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। बैठक में संचालक मंडल ने पांचों कॉरिडोर की फीजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने और व्यवहार्य पाए जाने पर उनकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने की अनुमति प्रदान की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में कहा कि प्रदेश में सड़क निर्माण और विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो परियोजनाएं पहले से निर्माणाधीन हैं, उनमें काम की गति बढ़ाई जाए और निर्धारित समयसीमा में उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऐसा सड़क नेटवर्क विकसित किया जाना चाहिए, जिससे कोई भी गांव या शहर सड़क सुविधा से वंचित न रहे।

उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास विभाग, उद्योग विभाग और मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड को आपसी तालमेल के साथ योजनाओं पर काम करना चाहिए। सड़क विकास को केवल प्रमुख राजमार्गों तक सीमित नहीं रखा जाए, बल्कि मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड यानी

इन पांचों कॉरिडोर की कुल लंबाई लगभग 1,398 किलोमीटर होगी। सभी कॉरिडोर फोरलेन ग्रीनफील्ड एक्सेस-कंट्रोल्ड मार्ग के रूप में तैयार किए जाने प्रस्तावित हैं। इनमें पेव्ड शोल्डर की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को सड़क निर्माण से जुड़ी योजनाओं में तेजी लाने और प्रदेश के गांवों तथा शहरों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ने के निर्देश दिए हैं।



प्रमुख जिला मार्गों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए उपलब्ध सभी संभावनाओं पर एक साथ काम करने की जरूरत है। बैठक में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की ओर से प्रस्तावित राजमार्ग निधि के विषय पर भी चर्चा की गई। इस निधि के माध्यम से सड़क विकास से जुड़ी परियोजनाओं को वित्तीय आधार देने और निर्माण कार्यों को गति देने के प्रस्ताव पर विचार किया गया।

प्रदेश में पांच ग्रीनफील्ड कॉरिडोर विकसित करने की योजना को सड़क अधोसंरचना के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। हालांकि, फिलहाल परियोजनाएं फीजिबिलिटी रिपोर्ट, अलाइनमेंट चयन और डीपीआर तैयार करने के चरण में हैं। आगे की प्रक्रिया में परियोजनाओं की तकनीकी व्यवहार्यता, लागत और निर्माण संबंधी पहलुओं को अंतिम रूप दिया जाएगा।

सरकार का उद्देश्य

प्रदेश के प्रमुख शहरों, औद्योगिक क्षेत्रों और विभिन्न जिलों के बीच सड़क संपर्क को बेहतर बनाना है

इन प्रस्तावित कॉरिडोर के निर्माण से भविष्य में परिवहन सुविधाओं के विस्तार और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलने की उम्मीद है। अब इन परियोजनाओं की अगली प्रक्रिया और डीपीआर तैयार होने के बाद इनके निर्माण की समयसीमा तथा कार्ययोजना स्पष्ट हो सकेगी।

कोहली के निशाने पर नया रिकॉर्ड



दूसरे वनडे में एक रन बनाते ही पोंटिंग को पीछे छोड़ने का मौका न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में शानदार अर्धशतक जड़ने वाले विराट कोहली के पास दूसरे मुकाबले में एक और बड़ा इतिहास रचने का मौका है। कोहली अगर मैच में सिर्फ एक रन बना लेते हैं तो वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। फिलहाल इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग आगे हैं। कोहली के पास पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़कर नया कीर्तिमान अपने नाम करने का सुनहरा मौका है। पहले वनडे में कोहली ने अपनी पारी से एक बार फिर साबित किया कि बड़े मुकाबलों में उनका अनुभव कितना महत्वपूर्ण है। अब दूसरे वनडे में उनकी नजर सिर्फ टीम को जीत दिलाने पर नहीं, बल्कि एक और ऐतिहासिक उपलब्धि पर होगी। अगर कोहली यह रिकॉर्ड तोड़ते हैं तो न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी निरंतरता का एक और बड़ा प्रमाण सामने आएगा।

दिवाली के बाद दिल्ली में होगी कृत्रिम बारिश

राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार अब कृत्रिम बारिश कराने की तैयारी में जुट गई है। दिवाली के बाद अगर प्रदूषण का स्तर और बढ़ता है तो दिल्ली में आर्टिफिशियल रेन यानी कृत्रिम बारिश कराई जा सकती है। इसके लिए सरकार ने शुरुआती स्तर पर तैयारियां भी शुरू कर दी हैं।

दीपावली पर सुगम यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस-प्रशासन की व्यापारियों के साथ बैठक

यातायात व्यवस्था एडवाइजरी के पालन की अपील

सलीम हुसैन

झाबुआ। दीपावली पर्व के अवसर पर शहर में सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आज दिनांक 05/11/2026 को पुलिस एवं प्रशासन द्वारा शहर के व्यापारी वर्ग के साथ पुलिस कंट्रोल रूम के सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में SDM श्री महेश मंडलोई एवं SDOP श्रीमती मोनिका सिंह द्वारा व्यापारियों से दीपावली पर्व के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़, वाहनों की आवाजाही, कमर्शियल वाहनों के निर्धारित समय में प्रवेश, अतिक्रमण एवं पार्किंग व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा दिनांक 06 नवंबर 2026 से 09 नवंबर 2026 तक लागू की गई विशेष यातायात एवं मार्ग व्यवस्था से व्यापारियों को अवगत कराया गया।

एडवाइजरी के अनुसार मरीमाता मंदिर से राजवाड़ा तक एवं खोडियार माता मंदिर तिराहे से राजवाड़ा तक व्यावसायिक वाहनों का आवागमन प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार इमली चौक से मनोकामना तिराहा तक एवं छत्री चौक से राजवाड़ा तक चार एवं तीन पहिया वाहनों का आवागमन भी उक्त समयावधि में प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही झाबुआ शहर में भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश प्रातः 07:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। आकस्मिक अथवा विशेष परिस्थितियों में ही वाहनों का आवागमन किया जा सकेगा। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए छत्री चौक पर वाहनों की पार्किंग हेतु निर्धारित व्यवस्था की गई है। आमजन एवं व्यापारी अपने दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। मुख्य मार्गों, चौराहों, तिराहों एवं संकरी सड़कों पर वाहन पार्क न करें, जिससे यातायात बाधित न हो। व्यापारियों से अपील की गई कि वे अपनी दुकानों के बाहर सड़क एवं फुटपाथ पर सामान, काउंटर अथवा अन्य सामग्री रखकर अतिक्रमण न करें तथा माल की लोडिंग-अनलोडिंग निर्धारित समय में ही करवाएं।

बाजार में यातायात पुलिस एवं नगरपालिका की



संयुक्त टीम करेगी लगातार भ्रमण

बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस एवं नगरपालिका की संयुक्त टीम द्वारा लगातार भ्रमण एवं निगरानी की जाएगी। संयुक्त टीम द्वारा बाजार क्षेत्र में यातायात को बाधित करने वाले अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग एवं अन्य समस्याओं पर नजर रखते हुए आवश्यक कार्रवाई एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि आमजन को बाजार में आवागमन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मार्गों एवं पार्किंग स्थलों की साफ-सफाई के निर्देश

बैठक में SDM मंडलोई द्वारा नगरपालिका के संबंधित अधिकारियों को दीपावली पर्व के दृष्टिगत शहर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्र एवं निर्धारित पार्किंग स्थलों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मार्गों एवं पार्किंग स्थलों को व्यवस्थित एवं स्वच्छ रखा जाए, जिससे त्योहार के दौरान नागरिकों को आवागमन एवं वाहन पार्किंग में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

CCTV कैमरे लगवाने के लिए व्यापारियों को किया प्रोत्साहित

बैठक में SDOP श्रीमती मोनिका सिंह द्वारा व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों एवं दुकानों के बाहर उच्च गुणवत्ता वाले CCTV कैमरे लगवाने तथा उन्हें सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने बताया कि CCTV कैमरे किसी अप्रिय घटना की स्थिति में महत्वपूर्ण साक्ष्य उपलब्ध कराने के साथ ही असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं अपराधों की रोकथाम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। व्यापारियों से बाजार क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।

अवैध पटाखा भंडारण एवं संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील- दीपावली पर्व के दौरान अवैध रूप से पटाखों के भंडारण, बिना अनुमति आतिशबाजी सामग्री के संग्रहण अथवा विक्रय तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। व्यापारियों को पटाखों के सुरक्षित एवं नियमानुसार भंडारण तथा विक्रय के संबंध में आवश्यक सावधानियों से भी अवगत कराया गया।

असामाजिक तत्वों पर सादे वस्त्रों में पुलिस रखेगी निगरानी- कानून एवं शांति व्यवस्था के संबंध में पुलिस प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि दीपावली पर्व के दौरान बाजारों एवं शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस द्वारा सादे वस्त्रों में भी निगरानी की जाएगी। त्योहार की आड़ में हुड़दंग करने, अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने, महिलाओं एवं आमजन के साथ अभद्र व्यवहार करने अथवा लोकशांति भंग करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाली घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

आमजन एवं वाहन चालकों से यातायात नियमों के पालन की अपील- शहर में बाहर से आने वाले नागरिकों से अपील की गई कि वे झाबुआ में प्रवेश करने से पूर्व निर्धारित यातायात एवं मार्ग व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करें तथा प्रतिबंधित मार्गों के स्थान पर निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। वाहन चालकों से यातायात संकेतकों एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा एम्बुलेंस एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को तत्काल रास्ता देने की अपील की गई। बैठक में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा व्यापारी वर्ग से विशेष रूप से आग्रह किया गया कि वे यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा अपने प्रतिष्ठानों पर आने वाले ग्राहकों को भी निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करें। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा बताया गया कि दीपावली पर्व के दौरान आमजन की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ ही विशेष निगरानी रखी जाएगी। यातायात नियमों एवं जारी एडवाइजरी का उल्लंघन करने तथा कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। झाबुआ पुलिस आमजन एवं व्यापारी वर्ग से अपील करती है कि दीपावली का पर्व हर्षोल्लास, आपसी सौहार्द एवं सुरक्षित वातावरण में मनाएं। यातायात नियमों का पालन करें, असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें तथा झाबुआ शहर को सुगम, स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक रोहित निकम, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजेंद्र भदौरिया, नगरपालिका अधिकारी मिलन पटेल सहित सकल व्यापारी संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

बुढ़ार में जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार, 7,600 नकद और ताश के 52 पत्ते जब्त

मुक्तिधाम के पीछे स्ट्रीट लाइट के नीचे चल रहा था जुए का खेल, चार आरोपी मौके से फरार

साहिल खान

शहडोल | शहडोल। जिले में अवैध गतिविधियों एवं जुआ-सट्टा के खिलाफ पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के निर्देश पर बुढ़ार पुलिस ने जुआ खेलते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7,600 नकद एवं ताश के 52 पत्ते जब्त किए हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 4 नवंबर 2026 को थाना बुढ़ार पुलिस कस्बा भ्रमण पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पंचवटी मोहल्ला बुढ़ार स्थित मुक्तिधाम



के पीछे स्ट्रीट लाइट के नीचे कुछ लोग ताश के पत्तों से रुपये-पैसों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने गवाहों के साथ मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर कुछ जुआरी भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर तीन आरोपियों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में शाहिद खान (40), निवासी वार्ड क्रमांक 09 बुढ़ार, अमित चौहान (32), निवासी वार्ड क्रमांक 09 बिहारी कॉलोनी अनूपपुर तथा मार्तण्ड सिंह उर्फ छग्गा (38), निवासी गोरतरा पेट्रोल पंप के पास शहडोल शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से कुल 7,600 नगद और ताश के 52 पत्ते जब्त किए हैं।

मामले में आरोपियों के विरुद्ध सार्वजनिक द्यूत अधिनियम की धारा 13 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। वहीं, मौके से फरार हुए अन्य चार जुआरियों के संबंध में भी पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई है, जिनकी तलाश की जा रही है।

रणजीत टाइम्स

कलेक्टर ने जिला आयुष अधिकारी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

धर्मेन्द्र गुप्ता

दो कर्मचारी अनुपस्थित मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश, अभिलेखों एवं दवा भंडारण व्यवस्था को दुरुस्त करने के दिए निर्देश दिशा। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने आज जिला आयुष अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण एवं दवाओं के भंडारण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पंजियों एवं दस्तावेजों की जांच की तथा पाई गई कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश एसडीएम एवं कलेक्ट्रेट अधीक्षक को दिए गए।निरीक्षण प्रतिवेदन की जानकारी देते हुए एसडीएम श्री मनीष जैन ने बताया कि निरीक्षण के दौरान श्री जितेन्द्र असाटी एवं श्री अनिल कुशवाह, कम्प्यूटर ऑपरेटर अनुपस्थित पाए गए। इस पर संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यालय में पदस्थ समस्त आयुष



चिकित्सकों एवं अन्य कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं, व्यक्तिगत नस्तियां, सेवा सत्यापन, अवकाश लेखा सहित अन्य आवश्यक प्रविष्टियों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन अभिलेखों एवं पंजियों का नियमित संधारण किया जाए तथा उनमें की गई प्रविष्टियों को प्रभारी अधिकारी से प्रमाणित भी कराया जाए।दवाओं के भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि संचालनालय से प्राप्त दवाओं को नियमानुसार स्टॉक रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा मांग के अनुसार उनका वितरण सुनिश्चित किया जाए। स्टोर में उपलब्ध दवाओं का समय-समय पर भौतिक सत्यापन कराया जाए और वास्तविक उपलब्धता का स्टॉक रजिस्टर में दर्ज विवरण से मिलान किया जाए। उन्होंने स्टोर में यूनानी एवं होम्योपैथिक दवाओं को अलग-अलग व्यवस्थित रखने तथा दवाओं के कार्टून एवं रैक पर उनकी कालातीत होने की अवधि (एक्सपायरी डेट) स्पष्ट रूप से अंकित करने के निर्देश दिए, ताकि दवाओं का सुरक्षित एवं समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने सभी चिकित्सकों, फील्ड स्टाफ एवं कार्यालयीन कर्मचारियों को बायोमेट्रिक अथवा सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि निर्धारित व्यवस्था के अनुसार उपस्थिति दर्ज होने के उपरांत ही वेतन आहरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों पर समय-सीमा में जांच कर प्रतिवेदन संबंधित कार्यालय को भेजने तथा इसकी सूचना संबंधित आवेदक अथवा शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए। कार्यालयीन व्यवस्थाओं में पारदर्शिता, अनुशासन एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के साथ सभी अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन रखने तथा शासकीय कार्यों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निष्पादन करने पर विशेष जोर दिया।

हिट एंड रन के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निराकरण, पीड़ितों को समय पर मिले राहत राशि -अपर कलेक्टर मीना मेसराम

धर्मेन्द्र गुप्ता

विदिशा।अपर कलेक्टर श्रीमती मीना मेसराम ने आज कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में हिट एंड रन से संबंधित लंबित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हिट एंड रन के प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि दुर्घटना से प्रभावित पीड़ितों एवं उनके परिजनों को शासन के प्रावधानों के अनुसार समय पर राहत राशि उपलब्ध हो सके।अपर कलेक्टर श्रीमती मेसराम ने कहा कि ऐसे प्रकरणों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति समय-सीमा में कराई जाए। पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि दस्तावेजों के अभाव अथवा प्रक्रियात्मक देरी के कारण पीड़ितों को राहत प्राप्त करने में परेशानी न हो।बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी ने थाना-वार लंबित प्रकरणों की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि हिट एंड रन के मामलों में आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज संबंधित वरिष्ठ कार्यालयों को भेजने के साथ ही उनके निराकरण की निरंतर फॉलोअप भी लिया जाए। प्रकरणों की प्रगति पर नजर रखते हुए



यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मामला अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री नितिन जैन, तहसीलदार शहरी श्रीमती प्रीति पंथी, तहसीलदार ग्रामीण श्रीमती निधि लोधी सहित विदिशा शहरी एवं देहात थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के घर दिवाली पर्व में खुशियों से रोशन करने सेवार्थ विद्यार्थी चला रही "हर घर दिवाली अभियान"

छुरा।दीपावली का पर्व हर घर में खुशियां और रोशनी लेकर आए, इसी उद्देश्य से सेवार्थ विद्यार्थी गरियाबंद द्वारा "हर घर दिवाली अभियान" चलाया जा रहा है। कार्यक्रम प्रमुख याशिका कौर ने इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए यह बताया कि इस अभियान के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक दीपावली की खुशियां पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत ऐसे परिवारों की सहायता के लिए समाज के लोगों से अपील की जा रही है, जो आर्थिक तंगी के कारण दीपावली का त्योहार उत्साहपूर्वक नहीं मना पाते। इसके लिए आम नागरिकों से पुराने लेकिन अच्छी स्थिति के कपड़े, जूते, चप्पल, पटाखे, पुस्तकें एवं दीपक आदि सामग्री प्रदान करने का आग्रह किया गया है, ताकि जरूरतमंद परिवारों के घर भी दीपावली की खुशियों से रोशन हो सकें।

अभियान की संयोजक पूनम सिन्हा, सह-संयोजक सुजल यादव एवं कार्यक्रम प्रमुख याशिका कौर



ने जिलेवासियों से इस सामाजिक एवं सेवाभावी पहल में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की है। अभियान में सहयोग की भावना रखने वाले हेतु संपर्क सूत्र 6266134155, 8305968346 जारी किया गया है । स्टूडेंट फॉर सेवा के कार्यकर्ता का मत हैं कि दीपावली केवल अपने घर को रोशन करने का पर्व नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में भी खुशियों का उजाला लाने का अवसर है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति के छोटे से सहयोग से किसी जरूरतमंद परिवार की दिवाली यादगार बन सकती है। इस अभियान मे भावना सिन्हा, खुशी साहू, एकलव्य शुक्ला, तुषार साहू, मोना, पायल एवं अन्य कार्यकर्ता लगे हुए है।

अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई,

40 लीटर कच्ची शराब और 3300 किलो महुआ लहान जब्त कर किया नष्ट

धर्मेन्द्र गुप्ता

विदिशा। जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी श्री विकास त्रिपाठी के मार्गदर्शन में बुधवार चार नवंबर को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध मदिरा एवं महुआ लहान जब्त किया गया। जिला आबकारी बल, पुलिस थाना देहात बासौदा एवं पुलिस थाना बासौदा शहर के संयुक्त दल द्वारा गंजबासौदा तहसील के जेल रोड स्थित कंजर टपरों में सामूहिक दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान मौके से 40 लीटर अवैध कच्ची हाथ भट्टी मदिरा बरामद



की गई तथा 3200 किलोग्राम महुआ लहान जब्त कर मौके पर ही नष्ट किया गया। जब्त एवं नष्ट की गई सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 3 लाख 28 हजार रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत तीन प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए।इसी क्रम में आबकारी दल द्वारा ग्राम गमाखर में अजय केवट पुत्र श्री लाल केवट, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम गमाखर, थाना बासौदा देहात के घर की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मौके से 18 पाव देसी प्लेन मदिरा बरामद होने पर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम किया गया।

सहजयोग ध्यान से प्राप्त करें आद्यशक्ति श्री महालक्ष्मी के दिव्य स्वरूप का अनुभव

"योगजे, योगसंभूते, महालक्ष्मी नमोस्तुते!"

दीपावली का पावन पर्व माँ श्री महालक्ष्मी की आराधना, पूजन और वंदना का विशेष अवसर है। हम प्रतिवर्ष माँ लक्ष्मी से सुख, समृद्धि और शांति की प्रार्थना करते हैं, लेकिन क्या हमने कभी उनके उस दिव्य स्वरूप को जानने का प्रयास किया है, जो हमें आत्मिक उन्नति और आत्मसाक्षात्कार की ओर ले जाता है? सहजयोग ध्यान हमें इसी दिव्य महालक्ष्मी तत्व का अनुभव करने का मार्ग प्रदान करता है। परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी के अनुसार, आद्यशक्ति के तीन प्रमुख स्वरूप हैं—श्री महाकाली, श्री महासरस्वती और श्री महालक्ष्मी। ये तीनों शक्तियाँ सृष्टि में क्रमशः इच्छा, क्रिया और उत्क्रांति के कार्य को संचालित करती हैं। सहजयोग में श्री महालक्ष्मी का विशेष संबंध हमारी सूक्ष्म ऊर्जा प्रणाली के सुषुम्ना नाड़ी से है। यह शक्ति साधक की आध्यात्मिक यात्रा को आगे बढ़ाती है और उसे आत्मसाक्षात्कार की अवस्था तक पहुँचने में सहायता करती है। श्री महालक्ष्मी तत्व को समझने के लिए हमें श्री लक्ष्मी के स्वरूप को भी जानना होगा। माँ लक्ष्मी कमल पर विराजमान हैं। उनके हाथों में सुशोभित गुलाबी कमल पवित्रता, कोमलता और संतुलन



के प्रतीक हैं। परमपूज्य श्री माताजी ने बताया है कि जो व्यक्ति वास्तव में लक्ष्मीपति है, उसका स्वभाव कमल के समान कोमल, मधुर और उदार होना चाहिए। जिस प्रकार कमल सभी को आश्रय देता है, उसी प्रकार एक सच्चा साधक प्रत्येक व्यक्ति का आदर करता है, दूसरों को प्रेम देता है और अपने जीवन में विनम्रता बनाए रखता है। जब हमारे भीतर महालक्ष्मी तत्व जागृत होता है, तब आध्यात्मिक उत्क्रांति का मार्ग खुलता है। मनुष्य धीरे-धीरे अपनी भौतिक आसक्तियों और प्रकृति के बंधनों से ऊपर उठकर साक्षीभाव की अवस्था प्राप्त करता है। उसके भीतर संतोष, धैर्य, निर्भयता और स्थितप्रज्ञता विकसित होती है। वह असत्य का त्याग करके सत्य के प्रकाश में जीवन जीने लगता है। सहजयोग में तपस्या का अर्थ स्वयं को कष्ट देना नहीं, बल्कि अपने चित्त को आत्मा की ओर केंद्रित करना है। जब हमारा चित्त आत्मा में स्थित होता है, तब हम निर्लिप्त होकर जीवन की परिस्थितियों को देख पाते हैं।

हमारे भीतर आत्मचिंतन और आध्यात्मिक ज्ञान की जिज्ञासा जागृत होती है। हम समझने लगते हैं कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य केवल भौतिक सुख-सुविधाएँ प्राप्त करना नहीं, बल्कि अपनी आत्मिक पहचान को जानना है। महालक्ष्मी तत्व हमें देने की भावना सिखाता है। मानव जीवन का सबसे श्रेष्ठ दान है आत्मसाक्षात्कार का दान, जो परमपूज्य श्री माताजी की असीम कृपा से सहजयोग ध्यान के माध्यम से प्राप्त हो सकता है इस दीपावली, आइए केवल माँ महालक्ष्मी का पूजन ही न करें, बल्कि उनके दिव्य गुणों को अपने जीवन में भी आत्मसात करें।

धार रोड पर ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार, डेढ़ लाख का मशरूका जब्त

खुशबू श्रीवास्तव

चंदन नगर पुलिस की एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत कार्रवाई, जावरा ड्रग लिंक की भी जांच

इंदौर। शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे राज्यस्तरीय एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत चंदन नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 11.16 ग्राम ब्राउन शुगर और बिना नंबर की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त मशरूके की कुल कीमत करीब 1.50 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार, 4 नवंबर की रात करीब 9 बजे चंदन नगर पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान धार रोड स्थित सुख समृद्धि गार्डन के सामने एस्सार पेट्रोल पंप के पास बिना नंबर की काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध युवक को रोका गया। पूछताछ में उसकी पहचान मोहम्मद सोहेल (26), निवासी गरीब नवाज बस्ती, ग्रीन पार्क, इंदौर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 11.16 ग्राम पन्नी सहित ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई है। इसके अलावा 50 हजार रुपये कीमत की मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 1311/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है।



मामले में मादक पदार्थ के स्रोत और संभावित सप्लाई नेटवर्क की जांच की जा रही है।

पुलिस जावरा क्षेत्र से मादक पदार्थ की संभावित खरीद के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश, डीसीपी जोन-4 नरेंद्र रावत के निर्देशन तथा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक वेदेंद्र सिंह कुशवाह के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में थाना चंदन नगर पुलिस और साइबर सेल की टीम की सराहनीय भूमिका रही।

शिवसेना ने खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

पुनीत सेन

खंडवा। खार| देवास जिले में हुई हृदय विदारक घटना में शहीद हुए खातेगांव थाना प्रभारी श्री दिलीप पुरी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शिवसेना हरसूद विधानसभा इकाई द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिवसैनिकों ने शामिल होकर दिवंगत थाना प्रभारी को नम आंखों से याद किया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिवसैनिकों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पूरा माहौल भावुक हो गया। शिवसैनिकों ने एक स्वर में 'जब तक सूरज चांद रहेगा, दिलीप पुरी जी का नाम रहेगा' के जयघोष के साथ उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान शिवसैनिकों ने कहा कि थाना प्रभारी दिलीप पुरी का निधन पुलिस विभाग के साथ-साथ पूरे समाज के लिए दुखद घटना है। उनके निधन से एक अपूरणीय क्षति हुई है। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए शासन-प्रशासन से घटना



के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई आवश्यक है। कार्यक्रम में शिवसेना के विधानसभा प्रमुख सत्यम सोनी विधानसभा उपाध्यक्ष राहुल नायक, संगठन प्रमुख राजेश तिवारी, रविराज प्रजापति, निहाल घेरले, राहुल सिंगनाथ, खुशीलाल सिसोदिया, प्रभात मीणा, विकास राठौड़ एवं सादिक खान सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी शिवसैनिकों ने दिवंगत थाना प्रभारी दिलीप पुरी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। साथ ही ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और परिवार को इस कठिन समय में दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय छुरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपोत्सव कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति, लोकनृत्य, रंगोली और दीया सजाओ की दिखी मनमोहक झलक

हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है - दिया बच्चों ने संदेश

छुरा। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय छुरा में दीपोत्सव कार्यक्रम बड़े ही उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। पूरा विद्यालय परिसर दीपों की रोशनी, रंग-बिरंगी रंगोलियों, फूलों और तोरणों से सजा हुआ था। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह छत्तीसगढ़ी संस्कृति और दीपावली की खुशियों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने एक-एक कर अपनी प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध पारंपरिक संस्कृति, लोककला, वेशभूषा एवं सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

लोकनृत्यों ने मोहा मन

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पारंपरिक लोकनृत्य सुवा नृत्य, ईसर-गौरी एवं गौरा-गौरी की प्रस्तुति तथा राउत नाचा प्रस्तुत किया गया। सुवा नृत्य में बच्चियों ने तोते की मनमोहक मुद्राओं के साथ गीत गाए, तो राउत नाचा में बच्चों की टोली ने लाठी और पारंपरिक वेशभूषा के साथ जोरदार प्रस्तुति दी। गौरा-गौरी की झांकी ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। दर्शकों ने तालियों से बच्चों का उत्साह बढ़ाया।



रंगोली और दीया सजाओ प्रतियोगिता रही आकर्षण का केंद्र- कार्यक्रम में रंगोली सजाओ एवं दीया सजाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जो इस बार के आयोजन का विशेष आकर्षण रही। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने फूलों, रंगों और दीयों से सुंदर-सुंदर रंगोलियां बनाई। किसी ने मोर, किसी ने दीया, किसी ने लक्ष्मी जी के चरण और किसी ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक वाली रंगोली बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। वहीं दीया सजाओ प्रतियोगिता में बच्चों ने सादे दीयों को रंग, कागज, फूल और चमकीले कागज से सजाकर आकर्षक रूप दिया। छोटे-छोटे बच्चों की रचनात्मकता देखकर अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहना की।

पारंपरिक परिधान में दिखी छत्तीसगढ़ी पहचान

विद्यार्थियों ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी परिधान एवं आकर्षक वेशभूषा धारण कर अपनी सांस्कृतिक पहचान को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। बच्चियों ने लुगरा-साड़ी, गजरा और पारंपरिक आभूषण पहने, वहीं बच्चों ने धोती-कुर्ता, पगड़ी और गमछा धारण किया। पूरा परिसर ऐसा लग रहा था मानो छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति जीवंत हो उठी हो।

उद्देश्य - नई पीढ़ी को जोड़ना अपनी जड़ों से

विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी लोकपरंपराओं, सांस्कृतिक विरासत एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों से जोड़ना तथा हमारी संस्कृति और पहचान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम में बताया गया कि आज के दौर में बच्चों को मोबाइल और आधुनिकता के साथ-साथ अपनी संस्कृति से भी जोड़ना जरूरी है। ऐसे आयोजन बच्चों में अपनी परंपरा के प्रति गर्व और सम्मान पैदा करते हैं।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में समाजसेवी शीतल ध्रुव, रामाधार मरकाम (ट्रैफिक इंचार्ज, गरियाबंद), प्रधान पाठक एच एल कुर्रे, शिक्षक गण श्रीमती बुंदा साहू, जमुना चंद्राकर, पोखराज साहू, कृतिका चंद्राकर, चित्रांजलि साहू सहित विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने एक-दूसरे को दीपोत्सव की शुभकामनाएं दीं। दीपोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा और हमारी वेशभूषा ही हमारी पहचान है। अपनी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार होगा पक्के मकान का सपना

नगर पंचायत छुरा में हितग्राहियों को मिले स्वीकृति पत्र, पात्र परिवारों से आवेदन करने की अपील

नगर पंचायत छुरा कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस पहल से जरूरतमंद परिवारों को अपना पक्का मकान बनाने की दिशा में नई उम्मीद मिली है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब परिवारों को पक्के मकान का सपना पूरा करने का अवसर मिल रहा है। वहीं, क्षेत्रीय विधायक श्री रोहित साहू के मार्गदर्शन एवं सहयोग से क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। अध्यक्ष ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि जिन पात्र परिवारों



ने अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा नहीं किया है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करें। पात्रता एवं शासन के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन की जांच के बाद नियमानुसार योजना का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि शासन की योजनाओं की जानकारी प्रत्येक जरूरतमंद परिवार तक पहुंचे और कोई भी पात्र हितग्राही जानकारी के अभाव में योजना के लाभ से वंचित न रहे। "हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे" के संकल्प के साथ नगर पंचायत छुरा को विकसित, स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे। आवास स्वीकृति पत्र मिलने से हितग्राहियों में खुशी का माहौल रहा।

जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण में आरोपी को पॉक्सो (POCSO) एक्ट के तहत 20 वर्ष का कारावास एवं 7,500 का अर्थदंड

सलीम हुसैन

घटना का संक्षिप्त विवरण

फरियादिया के अनुसार, वह दिनांक 28 मई 2023 को अपने गांव से पेटलावद कोचिंग जाने के लिए निकली थी। बस स्टैंड पर उसने पेटलावद की ओर जा रहे एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार (आरोपी राजसिंह राजपूत, निवासी बोडायता) से लिफ्ट ली। आरोपी उसे पेटलावद ले जाने के बजाय करवड़ और रानीसिंग के रास्ते रतलाम ले गया, जहाँ उसने पीड़िता को एक किराए के कमरे में 23 दिनों तक बंधक बनाकर रखा। इस दौरान आरोपी ने उसकी इच्छा के विरुद्ध लगातार उसके साथ बलात्कार किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के कुछ दिनों पश्चात, रतलाम बाजार में सामान खरीदने के दौरान पीड़िता ने एक अज्ञात व्यक्ति के मोबाइल से अपने परिवार को संपर्क कर पूरी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पीड़िता के भाई रतलाम पहुँचे और उसे आरोपी के चंगुल से मुक्त कराकर वैधानिक कार्रवाई हेतु थाने लेकर आए।

थाना पेटलावद पर अपराध क्रमांक 437/2023, धारा 363, 376(2)(N), 506, 344 भादवि (IPC) एवं धारा 5(L)/6 पॉक्सो एक्ट (POCSO Act) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। उक्त प्रकरण में विवेचना निरीक्षक राजू सिंह बघेल द्वारा की गई।

न्यायालयीन निर्णय

माननीय विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) झाबुआ न्यायधीश राकेश कुमार पाटीदार द्वारा दिनांक 03.11.2026 को निर्णय पारित किया गया। न्यायालय ने आरोपी राजसिंह उर्फ राजवीरसिंह पिता राजेन्द्र सिंह राजपूत (उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम बोडायता, तहसील पेटलावद, जिला झाबुआ) को दोषी सिद्ध ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 7,500 के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी मनीषा मुवेल, अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी, झाबुआ द्वारा की गई।

जन-विश्वास शिविर से बदली दीदी राजकुमारी की जिंदगी



रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

देपालपुर। ग्राम बनेड़िया में आयोजित जन-विश्वास शिविर में स्व-सहायता समूह की दीदी राजकुमारी ने कलेक्टर शिवम वर्मा से सिलाई मशीन की मांग की थी। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम चरणजीत सिंह हुड्डा ने गुरुवार ग्राम उजलिया स्थित उनके घर पहुंचकर सिलाई मशीन भेंट की। मशीन मिलने से राजकुमारी अब घर बैठे सिलाई कार्य कर आय अर्जित कर सकेंगी। मशीन को उन्होंने आत्मनिर्भरता की ओर नई शुरुआत बताया।

आईएफएमआईएस केयर थीम के तहत

आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

उज्जैन। जिला कोषालय उज्जैन द्वारा आईएफएमआईएस केयर थीम के अंतर्गत जिले के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य कार्यालयीन दायित्वों और आईएफएमआईएस पोर्टल की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी देना है। प्रशिक्षण ई-दक्ष केंद्र, जिला पंचायत, उज्जैन में 4 एवं 5 नवंबर 2026 को आयोजित हो रहा है। 4 नवंबर को प्रशिक्षण दो शिफ्टों में संपन्न हुआ। पहली शिफ्ट सुबह 11 से



दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 12 से 1 बजे तक चली। प्रशिक्षण का अगला चरण 5 नवंबर को भी दो शिफ्टों में आयोजित होगा। निर्धारित सूची में शामिल शेष अधिकारी अपनी निर्धारित शिफ्ट के अनुसार तय समय पर ई-दक्ष केंद्र में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें।

दीपावली की तैयारियों में जुटा ग्रामीण क्षेत्र

बाजारों में बढ़ी रौनक

देपालपुर। दीपावली पर्व निकट आते ही नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां तेज हो गई हैं। लोग घरों की साफ-सफाई, लिपाई-पोताई और रंग-रोगन में जुटे हैं। युवा घरों को आकर्षक ढंग से सजाने की तैयारी कर रहे हैं। बाजारों में रंग, पेंट और सजावटी सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। ग्रामीण खेती-किसानी के साथ घरों की सफाई और सजावट के लिए समय निकाल रहे हैं।

पांच दिवसीय पर्व का विशेष महत्व

पंडित राजेश रावत और मनोज त्रिवेदी ने बताया कि हिंदू धर्म में दीपावली का विशेष महत्व है। यह पर्व पांच दिनों तक मनाया जाता है। इसकी शुरुआत धनतेरस से होती है। इसके बाद नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज मनाई जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास पूरा कर रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या लौटे थे। उनके आगमन की खुशी में अयोध्यावासियों ने दीप जलाकर उत्सव मनाया था। तभी से दीप जलाने की परंपरा प्रचलित है।

धनतेरस पर खरीदारी की परंपरा

पर्व के पहले दिन धनतेरस पर खरीदारी का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। मान्यता है कि धनतेरस पर बर्तन, सोने-चांदी और अन्य उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी शुभ होती है। इसे देखते हुए बाजार में खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

लक्ष्मी पूजन की तैयारी

दीपावली के दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि विधि-विधान से पूजन करने पर घर में सुख-समृद्धि आती है। लोग पूजा की तैयारियों के साथ घरों में दीपक, रंगोली और सजावट की व्यवस्था भी कर रहे हैं। शाम के समय दीप जलाकर घरों और प्रतिष्ठानों को रोशन किया जाता है।



गोवर्धन पूजा और भाई दूज का उत्साह

दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। गांव में इस पर्व का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण, गोवर्धन पर्वत और गायों की पूजा की जाती है। कई स्थानों पर अन्नकूट का आयोजन कर भगवान को विभिन्न पकवानों का भोग लगाया जाता है। पांच दिवसीय पर्व का समापन भाई दूज से होता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु, सुख और समृद्धि की कामना करती हैं।

गांव-गांव घूमकर बर्तन बेच रहे विक्रेता

धनतेरस पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बर्तनों की खरीदारी की जाती है। इंदौर के गांधीनगर से बर्तन बेचने वाले सचिन गुजराती ने बताया कि वे लंबे समय से क्षेत्र में बर्तन बेचने का कार्य कर रहे हैं। पहले वे नकद राशि में बर्तन देते थे, अब महिलाओं के बाल के बदले भी बर्तन दे रहे हैं। किचन के सभी बर्तन गांव-गांव जाकर ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार दिए जा रहे हैं।

पुराने बर्तन लेकर नए बर्तन भी दिए जाते हैं

उन्होंने बताया कि वे अनेक वर्षों से इस कार्य से जुड़े हैं। पहले साइकिल, फिर मोटरसाइकिल और अब छोटा हाथी वाहन में बर्तन भरकर गांव-गांव में बेचकर गुजर-बसर करते हैं। धनतेरस पर बिक्री का अच्छा माहौल रहता है।

दौड़कर 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा पर निकले मोनू राज चौहान ने किए महाकाल के दर्शन

236 दिन में पूरी की यात्रा, मां को समर्पित की आध्यात्मिक साधना





उज्जैन। बिहार के पटना निवासी मोनू राज चौहान ने दौड़ लगाकर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों की साहसिक और आध्यात्मिक यात्रा के तहत उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए। यह यात्रा उन्होंने अपनी मां और देश की सभी माताओं को समर्पित की है।

महाकाल दरबार में मोनू राज चौहान ने बताया कि अब तक यात्रा में 236 दिन लगे हैं। उन्होंने मंदिर प्रबंध समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना भी की। इस अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर ने उनका स्वागत और सत्कार किया। पूजन पुजारी राजेश गुरु ने संपन्न करवाया।

टोपी- लिटिल लीग नेशनल चैंपियनशिप 2026–27

इंदौर एकेडमी ने दिल्ली में लहराया परचम, बनी राष्ट्रीय चैंपियन

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

दिल्ली/इंदौर:। मप्र का प्रतिनिधित्व करते हुए इंदौर बेसबॉल एकेडमी' की टीम ने दिल्ली में 'लिटिल लीग नेशनल चैंपियनशिप 2026–27' का खिताब जीतकर नया इतिहास रच दिया। देशभर से 21 टीमों के बीच कड़े मुकाबले में इंदौर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

इस टूर्नामेंट का आयोजन 'लिटिल लीग कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया' द्वारा किया गया था, जो बेसबॉल और सॉफ्टबॉल की आधिकारिक वैश्विक संस्था 'लिटिल लीग इंटरनेशनल बेसबॉल एंड सॉफ्टबॉल' से मान्यता प्राप्त है।

बेसबॉल, जिसे वैश्विक स्तर पर अमेरिका का राष्ट्रीय खेल माना जाता है, और सॉफ्टबॉल दोनों ही ओलंपिक तथा एशियाई खेलों में आधिकारिक तौर पर शामिल हैं। भारत में भी इन दोनों खेलों की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, इन्हें स्कूल नेशनल गेम्स व अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं पुरुष एवं महिला वर्गों में खेला जा रहा है।

इंदौर की टीम ने तीन अलग-अलग आयु वर्गों में प्रतिभावान खिलाड़ियों के दम पर यह स्वर्णिम सफलता हासिल की।

अंडर-9

वर्ग में मोहम्मद शोएब, व्योम ढाका, लौकिक अग्रवाल, विवांश नामदेव, सारांश पाटीदार, रेयांश रासनकर, यशार्थ श्रीनेत, वेदिका गुप्ता, देवांशी शेरावत और अयांश ओझा।

अंडर-12

वर्ग में जेविका राजवानिया, स्वर्ण मुरमकर, लविश जरिया, साद मोंडल, कृपाशं वर्मा, जानवी दया, प्रियंशी बारगल, गौरव कुमार मेहर, एस.एल. कार्तिक बड़गोटी हिमांश तिवारी, अक्षत राठौर और शुभान शेख।

अंडर-14

वर्ग में लव पगारे, दिव्यांश खाखरिया, वंश यादव, प्रथम चौहान, प्रतीक चौहान, समीक्षा उपाध्याय, प्रियांशी पाटीदार, राजश्री परमार, निहारिका यादव, प्रीति रूपचंदानी और अंश चौहान।

टीम को सफलता दिलाने में कोच जितेन्द्र शिंदे, प्रभा त्रिपाठी और विनीता तिवारी का मार्गदर्शन रहा

अब एशिया-पैसिफिक और लिटिल लीग वर्ल्ड सीरीज पर नजरें



इस शानदार राष्ट्रीय विजय के साथ इंदौर की टीम ने 'एशिया-पैसिफिक एवं मिडिल ईस्ट लिटिल लीग रीजनल टूर्नामेंट' में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया है। क्षेत्रीय स्तर की विजेता टीम सीधे 'लिटिल लीग इंटरनेशनल' द्वारा प्रायोजित 'लिटिल लीग वर्ल्ड सीरीज' में खेलने की हकदार बनाती है। इंदौर एकेडमी के प्रबंधन, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों को उनकी लगन, उत्कृष्ट प्रदर्शन और इस भव्य राष्ट्रीय उपलब्धि के लिए हेमंत कुमार, मनोज गिरी, रजनीश त्रिपाठी, राज सिंह एवं गौरव जोशी, तिथि रामटेके ने बशशश दी हैं।

बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे अभा अखाड़ा परिषद अध्यक्ष

उज्जैन। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत डॉ. रविंद्र पूरी जी महाराज ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन लाभ लिए।



यहां उन्होंने गर्भगृह में पहुंचकर पंचामृत पूजन अभिषेक किया और विश्व शांति एवं देश की सुख समृद्धि के साथ ही सिंहस्थ 2028 की सफलता के लिए कामना की।श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर द्वारा श्री महंत रविंद्र पूरी जी महाराज का स्वागत एवं सत्कार किया गया। पूजन पुजारी राजेश गुरु एवं पुजारी आकाश गुरु द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस दौरान अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता गोविंद सोलंकी, समन्वयक डॉ. राहुल कटारिया, पं. संजय दिवटे, ऋतिक नागर सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

माँ भूखी माता एवं माँ गढ़कालिका मंदिर के विकास कार्यों का निरीक्षण

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री रवि सोलंकी एवं संभागायुक्त श्री आशीष सिंह ने आज उज्जैन में भोग माता मंदिर (भूखी माता मंदिर) एवं गढ़कालिका मंदिर के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंहस्थ 2028 को भव्य, दिव्य और सुव्यवस्थित बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। उनकी दृष्टि के अनुरूप श्रद्धालुओं को बेहतर दर्शन व्यवस्था, सुगम आवागमन



और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान प्राधिकरण सीईओ श्री संदीप सोनी , प्राधिकरण कार्यपालन यंत्री श्री कुलदीप रघुवंशी एवं श्री शुभम सोनी उपस्थित रहे।

एमपी सीएम डॉ. मोहन यादव की दो टूक

अवैध शराब मिली या खाद की किल्लत हुई तो कलेक्टर होंगे जिम्मेदार

● कानून व्यवस्था की समीक्षा

भोपाल। लगातार हो रहे शराब कांड के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को साफ कर दिया है कि किसी जिले में अवैध शराब का कारोबार मिला या किसानों को खाद के लिए परेशान होना पड़ा तो जिम्मेदारी सीधे कलेक्टरों की होगी। प्रतिबंधित पटाखों के साथ कार्बाइड गन और कार्बाइड लैंप पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था और त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री की इस बैठक में सबसे ज्यादा जोर तीन मुद्दों पर रहा-अवैध शराब, नशे का कारोबार और किसानों को खाद की उपलब्धता। देवास में अवैध शराब पकड़ने के दौरान पुलिस अधिकारी की मौत के बाद सरकार इस मामले में कोई ढिलाई नहीं चाहती। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर सख्त कार्रवाई करें। जहरीली और नकली शराब बनाने के ठिकानों की पहचान कर उन्हें खत्म किया जाए।



शराब की एजेंटी और पैकारी पर भी नजर

मुख्यमंत्री ने अवैध शराब के कारोबार में एजेंटी, पैकारी और डायरी व्यवस्था को रोकने के निर्देश दिए। शराब परिवहन में लगे वाहनों का भौतिक सत्यापन कराने और लाइसेंसी दुकानों पर तय कीमत से अधिक वसूली रोकने को कहा। पुलिस और आबकारी विभाग समय-समय पर शराब के नमूने भी लें। इनमें मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तत्व मिलने पर संबंधित लाइसेंसधारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

कार्बाइड गन और लैंप पर रोक

दीवाली के दौरान प्रतिबंधित पटाखों के इस्तेमाल पर निगरानी रखने के साथ कार्बाइड गन और कार्बाइड लैंप के उपयोग को रोकने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, बड़े बाजारों में फल, फूल, दीपक, बाती और झालर बेचने वाले छोटे दुकानदारों को तहबाजारी से छूट देने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि त्योहार के दौरान छोटे व्यापारियों को अनावश्यक परेशान न किया जाए। मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ चल रहे अभियान में सिर्फ छोटे विक्रेताओं तक कार्रवाई सीमित नहीं रखने को कहा। गांजा और अफीम की अवैध खेती, मादक पदार्थ बनाने वाली लैब और इनके पीछे काम कर रहे बड़े नेटवर्क को निशाने पर लेने के निर्देश दिए। इसके लिए पुलिस और नारकोटिक्स विभाग की संयुक्त टीमें बनाकर सघन जांच करने को कहा गया है। अधिकारियों को स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसे स्थानों पर भी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए।



आसमान पर शेयर बाजार, भारी उछाल

धनतेरस से पहले बाजार में 'धनवर्षा'

● सेंसेक्स 2009, निफ्टी 576 अंक उछला

मुंबई (एजेंसी)। धनतेरस से एक दिन पहले 5 नवंबर को सेंसेक्स 2008 अंक या 2.60 फीसदी चढ़कर 79,310 पर बंद हुआ। इसे तेजी से निवेशकों की दौलत 8 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ गई। निफ्टी में भी 576 अंक या 2.40 फीसदी की तेजी रही, ये 24,537 के स्तर पर बंद हुआ है। निफ्टी ने 4 सितंबर के बाद पहली बार 24 हजार का आंकड़ा पार किया। ये इस साल की सेंसेक्स की दूसरी बड़ी बढ़त है। 8 अप्रैल को सेंसेक्स 2,946 अंक चढ़ा था। यानी करीब सेंसेक्स में 7 महीने बाद इतनी बड़ी तेजी आई है। शेयर बाजार में इस बड़ी तेजी में निवेशकों को बड़ा फायदा हुआ है।

भारतीय शेयर बाजार में तेजी की बड़ी वजहें

भारतीय शेयर बाजार में इस तेजी की प्रमुख बड़ी वजहों में ये शामिल हैं-अमेरिका में ट्रंप के मिडटर्म चुनाव में करारी हार के बाद पश्चिम एशिया में तनाव के समाधान की बढ़ी उम्मीदें, कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में गिरावट, भारतीय रुपया 2 हफ्ते के सबसे हाई स्तर पर, विदेशी निवेशकों की तगड़ी खरीदारी। हाल ही में अमेरिका में मिडटर्म चुनाव हुए थे। इसके नतीजों ने प्रेसीडेंट ट्रंप की पार्टी को तगड़ा झटका दिया है। चुनाव में ट्रंप की करारी हार हुई है।

दिल्ली में दर्दनाक हादसा... निर्माणाधीन बिल्डिंग गिरी 2 की मौत, 4 घायल, कई लोगों के दबे होने की आशंका



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में गुरुवार सुबह तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, करीब 15 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना सुबह 9:50 बजे चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के पास गली सत्तारा में हुई। सूचना मिलने के बाद दमकल की 6 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दिल्ली पुलिस और अन्य टीमें भी रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन में जुटी हैं। मामले में दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। इनमें असिस्टेंट इंजीनियर (बिल्डिंग) मोहम्मद नईम और जूनियर इंजीनियर (बिल्डिंग) अमन दलाल शामिल हैं। दिल्ली में इस साल इमारत गिरने का यह छठा बड़ा मामला है। इससे पहले 5 हादसों में 21 लोगों की मौत हो चुकी है।

नागौर में बारूद बनाते समय ब्लास्ट... 2 भाइयों की मौत, शवों के टुकड़े बिखरे, लोगों ने किया पथराव



नागौर (एजेंसी)। राजस्थान के नागौर में बारूद के गोदाम में गुरुवार सुबह ब्लास्ट हो गया। हादसे में दो भाइयों की मौत हो गई। धमाके के कारण भाइयों की बॉडी के कई टुकड़े हो गए। घटना के करीब डेढ़ घंटे बाद गोदाम के बाहर जमा लोगों ने हंगामा कर दिया। पुलिस ने उन्हें गोदाम के बाहर से हटाने की कोशिश की तो भीड़ ने पथराव कर दिया। इसके बाद लाठीचार्ज कर लोगों को वहां से खदेड़ा गया है। जानकारी के अनुसार जिस गोदाम में धमाका हुआ है वहां अवैध तरीके से पोटेशियम नाइट्रेट मिलाकर बारूद बनाया जाता था। हालांकि, धमाका कैसे हुआ अभी यह पता नहीं चल पाया है।हादसा नागौर के बड़ली इलाके में सुबह 9:40 बजे हुआ। जान गंवाने वालों में 28 साल के मोहम्मद आमिर सौरगर और 32 साल के उनके चचेरे भाई मुजिद सौरगर हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, गोदाम मालिक का नाम मोहम्मद अमीन (50) है।

फार्मा एक्सपोर्ट बढ़ाने की तैयारी, देश में पांचवें नंबर पर एमपी

इंदौर से अब दुनिया तक पहुंचेंगी एमपी की दवाएं

भोपाल। एमपी का फार्मा उद्योग अब घरेलू कारोबार के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की तैयारी में है। प्रदेश पहले ही फार्मास्यूटिकल एक्सपोर्ट में देश में पांचवें स्थान पर है, लेकिन इंदौर, पीथमपुर और उज्जैन जैसे औद्योगिक केंद्रों की मौजूदा क्षमता को देखते हुए निर्यात की संभावनाएं इससे कहीं अधिक हैं। इसके लिए उद्योगों ने निर्यात की राह में आने वाली सरकारी प्रक्रियाओं और लागत संबंधी बाधाओं को दूर करने की मांग की है। फार्मास्युटिकल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया उद्योग संगठनों और सरकारी विभागों के बीच हुई बैठक में उद्योगपतियों ने तीन प्रमुख मांगें रखीं। इनमें निर्यात के लिए निर्यात की प्रक्रिया सरल करना, सब्सिडी की शर्तों में राहत देना और मध्य प्रदेश में आधुनिक फार्मा पार्क विकसित करना शामिल है।

देश में पांचवें नंबर पर एमपी, मालवा बना फार्मा हब



फार्मेक्सिल के सीओए मेंबर अमित चावला ने बताया कि मध्य प्रदेश फार्मास्युटिकल एक्सपोर्ट में देश में पांचवें स्थान पर है। प्रदेश का फार्मा उद्योग मुख्य रूप से मालवा क्षेत्र में केंद्रित है। इंदौर में करीब 50 फार्मा फैक्ट्रियां हैं, जबकि पीथमपुर में इनकी संख्या इससे भी अधिक है। उज्जैन में भी दवा निर्माण की कई इकाइयां संचालित हैं। इन क्षेत्रों में दवा उत्पादन के साथ कच्चे माल, पैकेजिंग और सप्लाई से जुड़ा कारोबार भी विकसित हुआ है। उद्योगों के सामने अब चुनौती उत्पादन बढ़ाने से ज्यादा विदेशी बाजारों तक आसान पहुंच बनाने की है। खासकर कंपनियों को निर्यात संबंधी प्रक्रियाओं में राहत मिलने से नई इकाइयां भी अंतरराष्ट्रीय कारोबार शुरू कर सकती हैं।

बिहार में बड़े उलटफेर की सुनाई दे रही आहट!

● निशांत कुमार बनेंगे उपमुख्यमंत्री तो विजय चौधरी जेडीयू कार्यकारी अध्यक्ष



पटना (एजेंसी)। बिहार की राजनीति में अब मिशन निशांत शुरू हो गया है। जनता दल (यू) की बैठक में माना जा रहा है कि उपमुख्यमंत्री के पद पर निशांत कुमार की ताजपोशी संभावित है। मिशन निशांत की पहली कड़ी कल से शुरू हो जाएगी। यहां से शुरू होगा निशांत के भविष्य की प्लानिंग। कुल मिलाकर बिहार की सियासत में बड़े बदलाव की चर्चा शुरू हो चुकी है। नीतिश कुमार के बेटे निशांत डिप्टी सीएम बनाए जा सकते हैं। इसके साथ ही जदयू में भी बड़े उलटफेर की संभावना है। फिलहाल, जेडीयू के कोटे से विजय चौधरी और विजेंद्र यादव उपमुख्यमंत्री हैं। दोनों ही अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इन दोनों की जगह इकलौते निशांत कुमार डिप्टी सीएम बनेंगे।